संस्थानों को सीटें भरने का मिला मौका

संवाद न्यूज एजेंसी

देहरादून। ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ टेक्निकल एजुकेशन (एआईसीटीई) नई दिल्ली की ओर से तकनीकी संस्थानों के शैक्षिक कैलेंडर में संशोधन किया है। जिसके चलते अब 23 अक्तूबर तक संस्थान प्रवेश ले सकेंगे। इसी के मद्देनजर संस्थानों की मांग पर उत्तराखंड तकनीकी विवि (यूटीयू) ने संस्थानों को अपने स्तर पर काउंसिलिंग आयोजित किए जाने की अनुमति दी है। यह काउंसिलिंग 18 से शुरू होकर 23 अक्तूबर तक चलेगी।

गौरतलब है कि यूटीयू के परिसर संस्थानों एवं संबद्ध तकनीकी संस्थानों में इंजीनियरिंग एवं प्रबंधन संस्थानों में विभिन्न चरणों की सामान्य, स्पॉट एवं संस्थान स्तरीय काउंसिलिंग आयोजित कराए जाने के बाद भी सीटें रिक्त

एआईसीटीई ने जारी किया संशोधित शैक्षिक कैलेंडर, यूटीयू ने संस्थानों को दी काउंसिलिंग की अनुमति

हैं। वहीं, विगत 24 सितंबर को एआईसीटीई ने संशोधित शैक्षिक कैलेंडर जारी कर दिया। जिसके तहत संस्थान 23 अक्तूबर तक रिक्त सीटों के सापेक्ष प्रवेश ले सकते हैं। इसके मद्देनजर विवि कुलपति की ओर से 30 सितंबर को संस्थानों के निदेशकों के साथ बैठक की थी। बैठक में निदेशकों ने संस्थान स्तर पर काउंसिलिंग कराने की मांग की थी। जिसने मानते हुए कुलपति की ओर से संस्थानों को अपने स्तर पर 18 से 23 अक्तूबर तक ऑफलाइन मोड में काउंसिलिंग की अनुमति दे दी गई है। नए प्रवेशित छात्रों को पंजीकरण के समय विश्वविद्यालय के पोर्टल पर प्रवेश एवं पंजीकरण शुल्क के रूप में 3800 रुपये जमा

बीटेक की पांच हजार रिक्त सीटों पर होंगे प्रवेश

- यूटीयू से संबद्ध संस्थानों में रिक्त बीटेक की करीब 5 हजार सीटों के सापेक्ष संस्थान अपने स्तर पर काउंसिलिंग के जरिए प्रवेश ले सकेंगे। इसके अलावा एमटेक में करीब 500 सीटों पर प्रवेश होंगे। माना जा रहा है इस अंतिम काउंसिलिंग से संस्थानों को सीटें भरने में मदद मिलेगी।

कराने होंगे। प्रवेश प्रक्रिया के तहत सुबह नौ बजे से एक बजे तक पंजीकरण होगा, दोपहर दो बजे सीट आवंटन और इसके बाद शाम पांच बजे तक कागजों का सत्यापन, यूएमएस पोर्टल पर पंजीकरण और शुल्क जमा कराया जाएगा। कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने बताया कि संस्थानों को काउंसिलिंग की अनुमति प्रदान की गई है।